जरूरतमंदों में खाद्य सामग्री का वितरण

चक्रधरपुर . चक्रधरपुर प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले गांव के अति गरीब परिवारों को लॉकडाउन में खाने के आपूर्ति के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रदान संस्था के संयुक्त तत्वावधान में लोगों के बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया गया. जिसका शुभारंभ बीडीओ राम नारायण सिंह ने हरी झंडी दिखा कर फूड किट वाहनों को रवाना कर किया. फूड किट में चावल, दाल, आलू, तेल, नमक, हल्दी, साबुन लोगों को दिया गया. इस दौरान बीडीओ श्री सिंह ने कहा कि आने वाले सप्ताह में हर दिन इस तरह फूड किट चक्रधरपुर, बंदगांव व सोनुआ प्रखंड के अति गरीब परिवारों तक राशन पहुंचाने का कार्य चलेगा. इस कार्य में मुखिया, मुंडा भरपूर सहयोग कर रहे हैं. मौके पर प्रखंड कार्यालय के कर्मचारी व प्रदान संस्था के सदस्य शामिल थे.